# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में महंत अवेद्यनाथ सप्तम अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित : कहा– राज्य में खेल सुविधाएं बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है सरकार।
2. प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया तेजी से जारी : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में कहा– लोकतंत्र की मजबूती के लिए चल रहा यह अभियान।
3. काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत आज नमो घाट पर हुआ विशेष कार्यक्रमों का आयोजन : तमिलनाडु से आए दूसरे दल ने किए काशी विश्वनाथके दर्शन।

और

4. पीलीभीत टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के सभी बाघ अभ्यारण्यों में बाघों की गणना 10 दिसंबर से होगी शुरू : स्वचालित कैमरों का उपयोग कर चार चरणों में होगी गिनती।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में महंत अवेद्यनाथ जी महाराज सप्तम अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता–2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमां और उनके खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों के अंदर खेलों को लेकर देश में बदलाव आया है। सरकार के प्रयासों से खेल प्रतिभाएं अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने निणय लिया है कि कोई खिलाड़ी अगर किसी प्रतियोगिता में जाता है तो उस दौरान उसे सर्विस का पार्ट माना जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में खेल सुविधाएं बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। बाइट....

*हमारी सरकार ने तय किया है, हर कमिश्नरी मुख्यालय पर एक स्पोट्‌र्स कॉलेज होना चाहिए और आज उस कार्यक्रम को लेकर के तेजी के साथ हम कार्य कर रहे हैं। हर जिला मुख्यालय पर एक स्टेडियम होना चाहिए, हर ब्लॉक लेवल पर एक मिनी स्टेडियम का निर्माण होना चाहिए और युद्ध स्तर पर इन कार्यक्रमों के साथ सरकार जुड़ी है, इनको लगातार सुविधाओं को बढ़ा रही है।*

मुख्यमंत्री ने 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कुश्ती विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप

में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी शामिल हुए। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय–समय पर अलग–अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी। पर्व में मतभेदों को समाप्त करके हम 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हं। बाइट....

*संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है जिन राष्ट्रीय मूल्यों को समय–समय के अंदर अलग–अलग युगांतर कारी घटनाओं ने एक संबल दिया, एक शक्ति दी जिन्हें हम विभिन्न पर्व और त्यौहारों के माध्यम से आज भी पूरा भारत बिना भेदभाव के उन्हें आत्मसात करता है, उनके साथ जुड़ता है। उन पर्व और त्यौहारों में अपने मतभेदों को समाप्त करके एक भारत श्रेष्ठ भारत की उस अभिव्यक्ति को हम सब प्रदर्शित करते हैं।*

———————————

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया तेजी से जारी है। एसआईआर की अंतिम तारीख बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी गई है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज हाथरस में लोगों से संवाद कर एसआईआर फार्म भरने की अपील की। वहीं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कराए जा रहे एस आई आर को लेकर कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह अभियान चल रहा है। मतदाता सूची शुद्धिकरण के इस कार्यक्रम में कोई पात्र मतदाता छूटना नहीं चाहिए.। बाइट....

*25–25 जिले हम माननीय मुख्यमंत्री जी और हमारे दोनों उपमुख्यमंत्रियों के साथ यह बांटे गए हैं बहुत दिनों से जिसके हम लोग प्रत्यक्ष रूप से काम देखते हैं। तो यह जो जिम्मेदारी क्या है कि एसआईआर और देश और प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी है और सबसे बड़ी पार्टी के नाते जब चुनाव आयोग के द्वारा मतदाता सूची के शुद्धिकरण का अभियान चल रहा है तो कोई मतदाता मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान से वंचित ना रह जाए। इसके लिए अलग–अलग जिलों की बैठकें ले कहने के लिए कहा गया है।*

**हापुड़ के जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि जिले में अब तक 72 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो चुका है।**

**बाइट...**

*हमारे जनपद में कुल 1156000 मतदाताओं के सापेक्ष लगभग 84ः मतदाताओं का विवरण बीएलओ एप्प के माध्यम से अपडेट किया जा चुका है और वर्तमान समय तक लगभग 72ः मतदाताओं के डिजिटाइजेशन का कार्य और लगभग 20 से 22ः मतदाताओं को एसडीटी कैटेगरी में फीड किया जा चुका है। तीनों ही असेंबली कॉन्स्टिट्यूएंसी इसमें काम अब अपने अंतिम चरण पर है।*

**बीएलओ राजकुमार ने बताया कि सभी के सहयोग से शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। बाइट....**

*मैंने पूरी मेहनत के साथ एक एसआईआर का काम किया है। मैंने अब तक 95ः काम कर लिया आज दिनांक 4 बार तक और मुझे प्रशासन का बहुत सहयोग मिला है। पब्लिक ने भी मुझे सहयोग दिया है और मैंने पूरी मेहनत से यह काम पूर्ण किया है।*

**पीलीभीत जिले में एसआईआर के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एनाउंसमेंट कराया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को एसआईआर**

फॉर्म जमा करने के प्रति व्यक्तिगत रूप से भी जागरूक किया जा रहा है।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रदश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों की मिट्टी का स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से मृदा जांच अवश्य कराएं। श्री शाही ने बताया कि कल विश्व मृदा दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में मृदा स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाने के विषय पर कृषक वैज्ञानिक संवाद एवं राज्य स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

——————————

**04.12.2025**
**वृद्धावस्था पेंशन योजना–सुधार**

प्रदेश के समाज कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में सुधार करते हुए पेंशन भुगतान प्रक्रिया को

और अधिक पारदर्शी व सरल बनाया है। इसके तहत पात्र वृद्धजन की पहचान और सत्यापन फैमिली आईडी–'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वतः किया जाएगा, जिससे पेंशन बिना देरी सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचेगी। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव श्री एल वेंक्टेश्वर लू ने सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि फैमिली आईडी आधारित चिह्निकरण और सत्यापन प्रक्रिया को संवेदनशीलता के साथ लागू किया जाए।

———————

वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमां का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज नमो घाट पर नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा बच्चों के लिए ज्ञान, रचनात्मकता और मनोरंजन से परिपूर्ण विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। क्रिएटिव पपेट थिएटर ट्रस्ट ने कठपुतली नाटक 'हिन्द के सरदार' के माध्यम से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी को प्रदर्शित किया। इससे पहले तमिलनाडु से आए दूसरे दल ने आज काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ के दर्शन पूजन किए।

———————

पीलीभीत टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के सभी बाघ अभ्यारण्यों में बाघों की गणना 10 दिसम्बर से शुरू हो रही

है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि ट्रांजिट लाइन बनाने का काम आज से शुरू हो गया है। श्री सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में मई 2026 के अंत तक टाइगर गणना पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि बाघ गणना चार चरणों में होगी और यह स्वचालित कैमरों के माध्यम से कराई जाएगी। बाइट....

*अखिल भारतीय बाघ गणना जो प्रत्येक चार वर्ष में कराई जाती है, उसकी शुरुआत जो है पीलीभीत टाइगर जंगल में शुरू कर दी गई है और पीलीभीत टाइगर जंगल में 10 दिसंबर से 15 जनवरी तक यह कार्य कराया जाएगा और पूरे प्रदेश की अगर हम बात करें तो यह जो कार्यक्रम है यह दिसंबर से शुरू हो कर के मई तक चलेगा। प्रथम चरण में पीलीभीत तथा किशनपुर में होगा, द्वितीय चरण में दुधवा और आपके जो साउथ खीरी और बफर के डिवीजन है यहां पर होगा, तीसरे चरण में हमारा कतनिया घाट आएगा और चौथे चरण में रानीपुर टाइगर जंगल आएगा।*

———————————

नोएडा में बने जंगल ट्रेल पार्क को आज आम लोगों के लिए खोल दिया गया। इस पार्क में करीब 650 जानवरों की आकृतियां लगाइ गई हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

*नोएडा के सेक्टर–95 में बने इस पार्क के अंदर कबाड़ से बने डायनासोर, गैंडा, मगरमच्छ, अजगर, बंदर की आकृतियां लगाई गई हैं। इसके साथ ही छोटी आकृतियों में सुंदर–सुंदर चिड़ियां भी कबाड़ से बनाई गई है। पार्क की यह खासियत है कि बच्चे जिस भी जानवर के सामने जाएंगे उसकी आवाज वहां सुनने को मिलेगी। बच्चों के लिए एम्युजमेंट पार्क, बोटिंग के अलावा नाइट सफारी का भी इंतजाम है। पार्क के दो हिस्सों को जोड़ने के लिए अंडरपास भी बनाया गया है। पीपीपी मॉडल पर बने इस पार्क को बनाने में करीब 25 करोड़ रुपए की लागत आई है।*

———————————